प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 26.07.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में वीरों को किया याद, आत्मनिर्भर भारत पर दिया जोर, कैच द रेन अभियान और हथकरघा दिवस में जनभागीदारी का आह्वान।
2. आज देशभर में मनाया जा रहा है कारगिल विजय दिवस, राष्ट्रपति–प्रधानमंत्री और रक्षा राज्य मंत्री ने वीर शहीदों को किया नमन।
3. राज्य भर में 28 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा हेल्दी लिवर कैंपेन, हेपेटाइटिस–बी और सी की जांच तथा समय पर उपचार पर रहेगा विशेष फोकस।
4. झारखंड पुलिस ने अभियान चलाते हुए 890 चोरी हुए मोबाइल बरामद कर वास्तविक मालिकों को लौटाए; लोगों से अपील – ऑनलाइन दर्ज करें शिकायत ।
5. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची में एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप का करेंगे उद्घाटन, टिकट या पास से ही मिलेगा प्रवेश।

****************

प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नई उंचाइयों को छू रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, करगिल विजय दिवस के वीर सैनिकों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन देशवासियों को अपने बहादुर सैनिकों के असाधारण शौर्य की याद दिलाता है और हर भारतीय को गर्व से भर देता है।

कैच द रेन अभियान के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि चार जुलाई से यह विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देशभर् में सात अगस्त को श्राष्ट्रीय हथकरघा दिवसश मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये दिन देश के बुनकरों के कौशल और रचनात्मकता के सम्मान का प्रतीक है।

****************

करगिल विजय दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इधर, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि कारगिल विजय भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च समर्पण का प्रतीक है।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम साढ़े चार बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। एक रिपोर्ट–

****************

झारखंड में राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के तहत 28 जुलाई, विश्व हेपेटाइटिस दिवस से 12 अगस्त तक हेल्दी लिवर कैंपेन चलाया जाएगा। अभियान के दौरान सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में हेपेटाइटिस–बी और सी की जांच की जाएगी।

****************

भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 अभियान के तहत साहिबगंज जिले में मतदाता सत्यापन और डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से जारी है। जिले के सभी 8 लाख 72 हजार 148 मतदाताओं तक एन्यूमरेशन फॉर्म का शत–प्रतिशत वितरण पूरा हो चुका है।

****************

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए कई नई पहल शुरू की हैं। इसके तहत झारखंड समेत पांच राज्यों में वरिष्ठ नागरिक गृहों का उद्घाटन किया गया तथा बुजुर्गों के कल्याण के लिए बिरला ओपन माइंड्स फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

****************

झारखंड पुलिस ने विशेष अभियान और सीईआईआर पोर्टल की सहायता से राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 890 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए हैं। पुलिस ने लोगों से मोबाइल गुम होने पर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

****************

हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र स्थित एनटीपीसी की पकरी बरवाडीह कोयला परियोजना में अपराधियों ने दो हाईवा वाहनों पर फायरिंग कर शीशे क्षतिग्रस्त कर दिए। घटनास्थल से एक आपराधिक गिरोह के नाम का पर्चा बरामद हुआ है, जबकि सोशल मीडिया पर जारी एक ऑडियो में हमले को लेकर अलग दावा किया गया है।

****************

कोडरमा जिले में जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है। बीती रात हाथियों के झुंड ने नवलशाही थाना परिसर में घुसने की कोशिश की और आसपास के गांवों में भी नुकसान पहुंचाया। कोडरमा के जिला वन पदाधिकारी सौमित्र शुक्ल ने बताया कि फसलों या घरों को हुए नुकसान का नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप का उद्घाटन करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट–

इधर भारतीय सब–जूनियर पुरुष टीम ने एफआईएच यूथ हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में पाकिस्तान को 3–1 से हराकर खिताब जीत लिया है।

**********समाप्त************